मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल

"चयन भवन" मेन रोड न.1, चिनार पार्क (ईस्ट), भोपाल 462011
फोन न. 0 755-2578801-2 Fax: +91-755-2550498 Web :- www.esb.mp.gov.in

---

मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत माध्यमिक शिक्षक (विषय, खेल एवं संगीत-गायन वादन), प्राथमिक शिक्षक (खेल, संगीत-गायन वादन एवं नृत्य) तथा मध्यप्रदेश शासन, जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत माध्यमिक शिक्षक (विषय), प्राथमिक शिक्षक (खेल एवं संगीत-गायन वादन एवं नृत्य) चयन परीक्षा - 2024

(मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित संबंधित विषय की "शिक्षक पात्रता परीक्षा" वर्ष 2018 / 2023 में निर्धारित प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण एवं अर्ह पाये गये अभ्यर्थी ही इस चयन परीक्षा में आवेदन करने हेतु पात्र होंगे)

परीक्षा संचालन नियमपुस्तिका

ऑनलाईन आवेदन-पत्र		
ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रारम्भ तिथि : 28-01-2025		ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि : 11-02-2025
आवेदन पत्र मे संशोधन करने की प्रारम्भ तिथि : 28-01-2025		आवेदन पत्र में संशोधन करने की अंतिम तिथि : 16-02-2025
परीक्षा दिनांक व दिन		**20 मार्च 2025 से प्रारंभ**
मण्डल का परीक्षा शुल्क		
सीधी भर्ती के पदों हेतु	अनारक्षित अभ्यर्थियों के लिये	रू 500/- प्रति प्रश्न पत्र
	केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग/ई.डब्ल्यू.एस./ दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के लिये	रू. 250/- प्रति प्रश्न पत्र
केवल सीधी भर्ती - बैकलॉग पदों हेतु		कोई शुल्क नहीं
ऑनलाईन आवेदन - कियोस्क के माध्यम से आनलाईन भरने वाले अभ्यर्थियों हेतु एमपीआनलाईन का पोर्टल शुल्क रूपये 60/- देय होगा । इसके अतिरिक्त रजिस्टर्ड सिटीजन यूजर के माध्यम से लागिन कर फार्म भरने पर पोर्टल शुल्क 20/- रू. देय होगा ।		

आनलाईन परीक्षा पद्धति समय सारणी

परीक्षा दिनांक एवं दिन	परीक्षा की पाली	अभ्यर्थियों के लिये रिपोर्टिंग समय	महत्वपूर्ण निर्देश पढने का समय	उत्तर अंकित का समय
20 मार्च 2025 से प्रारंभ	**प्रथम**	प्रात: 07:00 से 08:00 बजे तक	**08:50** से 09:00 बजे तक (10 मिनिट)	प्रात: 09:00 से 11:00 बजे तक (2:00 घंटे)
	द्वितीय	दोपहर 01:00 से 02:00 बजे तक	**02:50** से 03:00 बजे तक (10 मिनिट)	दोप.: 03:00 से 05:00 बजे तक (2:00 घंटे)

टिप्पणी :-

1 अभ्यर्थी का आधार पंजीयन अनिवार्य है। यू.आई.डी.ए.आई.(UDA) के द्वारा सत्यापित (Verify) होने पर ही ई आधार मान्य होगा।

2 बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षाओं में मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के रूप में अभ्यर्थी मतदाता पहचान पत्र, पेनकार्ड, आधार कार्ड, ड्रायविंग लायसेस तथा पासपोर्ट में से कोई एक को चयनित कर सकता है। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के अभाव में अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया जाएगा।

3 अभ्यर्थी को नियम पुस्तिका में विनिश्चित मूल परिचय पत्र के अतिरिक्त अपना आधार कार्ड/ई-आधार कार्ड/आधार कार्ड की छायाप्रति /आधार नंबर/आधार VID की जानकारी लाना अनिवार्य हैं |

4 परीक्षा में प्रवेश के समय एवं परीक्षा के दौरान बहुस्तरीय बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य है।

5 परीक्षार्थियों को परीक्षा में रिपोर्टिंग समय तक परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति होगी। इसके पश्चात विलम्ब से आने वाले अभ्यथियों को प्रवेश की पात्रता नहीं होगी।

6 परीक्षा कक्ष में इलेक्ट्रानिक डिवाईस यथा मोबाईल फोन, केल्कुलेटर, लॉग टेबल्स, डिजिटल वॉच एवं नकल पर्चा इत्यादि का उपयोग पूर्णत: वर्जित है।

7. ऑनलाईन आवेदन-पत्र क्रमांक के द्वारा ही ऑनलाईन परीक्षा हेतु अभ्यर्थी अपना प्रवेश-पत्र प्राप्त कर सकते हैं। अत: आवेदन-पत्र क्रमांक आवश्यक रूप से संभाल कर रखें, जिसकी समस्त जिम्मेदारी आवेदक की ही होगी।

8. सभी अभ्यथियो का मध्यप्रदेश राज्य के रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनियार्य होगा|

9. परीक्षा केन्द्र पर आवेदक को काला बाल प्वाइंट पेन तथा परीक्षा हाल में प्रवेश हेतु मंडल की वेबसाइट से डाउनलोड किये गये प्रवेश-पत्र साथ लाना अनिवार्य है.

10. किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात परीक्षा समाप्ति तक परीक्षा कक्ष छोडने की अनुमति नहीं होगी।

11. आवेदन-पत्र भरते समय उम्मीदवारों के किसी भी प्रमाण पत्र का परीक्षण मण्डल द्वारा नहीं किया जाता हैं| अत: कम्प्युटर आधारित online परीक्षा मे उम्मीदवारो की पात्रता (Eligibility) पूर्णत प्रावधिक (Provisional) होगी| आवेदक यह पूर्ण रूप से सुनिश्चित कर लेवें कि नियमानुसार आवेदित पद हेतु निर्धारित जन्मतिथि, आयु सीमा, शैक्षणिक व अन्य समस्त अर्हताएँ धारित करता हो। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र में दी गई किसी भी जानकारी का मिलान उसके मूल दस्तावेज/अभिलेख से नहीं होने अथवा त्रुटिपूर्ण होने अथवा नियमानुसार नहीं होने की स्थिति में किसी भी स्तर पर आवेदक की अभ्यर्थिता समाप्त की जा सकेगी।

12. मध्यप्रदेश के विशेष आदिम जनजाति समुदाय जैसे बैगा, सहारिया/सहरिया एवं भारिया अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को अकार्यपालिक पदों के लिये अपने आवेदन पत्र समस्त आवश्यक प्रमाण-पत्र संलग्न करते हुये हार्डकॉपी में निर्धारित (नियम पुस्तिका के प्रारूप-1 में) आवेदन-पत्र भरने की अंतिम तिथि तक मण्डल को न भेजते हुये सीधे संबंधित विभाग को में पृथक-पृथक आवेदन प्रेषित करना होगा । मण्डल को प्रेषित आवेदन पत्र अमान्य माना जायेगा ।

मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल

"चयन भवन" मेन रोड न.1, चिनार पार्क (ईस्ट), भोपाल 462011

फोन न. 0 755-2578801-2 Fax: +91-755-2550498 Web :- www.esb.mp.gov.in ई-मेल : E-Complain Id : Complain.esb@mp.gov.in

कार्यालय आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश, भोपाल के पत्र क्र. यूसीआर/सी/61/2024/2330, दिनांक 26/12/2024 तथा कार्यालय आयुक्त, जनजातीय कार्य, मध्यप्रदेश, भोपाल का पत्र क्र./शि.स्था.3/739-ए/2024/24973, दिनांक 30/12/2024 एवं पत्र क्र./शि.स्था.3/739-ए/2024/601, दिनांक 09/01/2025 के अनुसार :-

मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत माध्यमिक शिक्षक (विषय, खेल एवं संगीत-गायन वादन), प्राथमिक शिक्षक (खेल, संगीत-गायन वादन एवं नृत्य) तथा मध्यप्रदेश शासन, जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत माध्यमिक शिक्षक (विषय), प्राथमिक शिक्षक (खेल एवं संगीत-गायन वादन एवं नृत्य)

चयन परीक्षा - 2024

विषय-सूची

स.क्रं.	अध्याय	विवरण	पृष्ठ क्र.
1.	1	शिक्षक चयन परीक्षा संबंधी विभागीय नियम व पदवार आरक्षण तालिकाएँ	03-32
2.	2	पदवार पाठ्यक्रम	33-65
3.	3	मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल के परीक्षा संचालन नियम	66-78
4.	प्रारूप-1	मध्यप्रदेश के आदिम जनजाति समुदाय जैसे :- बैगा, सहारिया एवं भारिया जनजाति के अभ्यर्थियों हेतु आवेदन पत्र	79

अध्याय-1
शिक्षक चयन परीक्षा संबंधी विभागीय नियम व पदवार आरक्षण तालिकाएँ

यह निर्देश उन समस्त आवेदकों पर लागू होंगे जो, मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग तथा मध्यप्रदेश शासन, जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत शिक्षकों की सीधी भर्ती हेतु चयन परीक्षा 2024 हेतु आवेदन कर रहे है।

मध्यप्रदेश राज्य स्कूल शिक्षा सेवा (शैक्षणिक संवर्ग) सेवा शर्तें एवं भर्ती नियम, 2018 एवं समय-समय पर यथासंशोधित नियमों के नियम 8 के उपनियम 5 के अनुसार चयन परीक्षा निम्न शर्तों के अधीन आयोजित होगीः-

(1) - माध्यमिक शिक्षक (विषय)

1. पद का विवरण- म.प्र. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग एवं म.प्र. शासन, जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत - माध्यमिक शिक्षक (विषय)

   वेतनमान - न्यूनतम वेतन रुपये 32800 + महगाई भत्ता।

2. पद की श्रेणी- तृतीय श्रेणी - अकादमिक, पद संख्या - 7929 (स्कूल शिक्षा विभाग 7082 + जनजातीय कार्य विभाग 847)

3. शैक्षणिक एवं व्यावसायिक अर्हता- भर्ती नियम 2018 एवं समय-समय पर यथासंशोधित नियमों के नियम-8 की अनुसूची-तीन के अनुसार निम्नांकित अर्हता धारित करना अनिवार्य होगा-

   - पात्रता परीक्षा - कर्मचारी चयन मंडल मध्यप्रदेश भोपाल के द्वारा आयोजित "माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा 2018 या 2023" में निर्धारित प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण एवं अर्ह पाये गये अभ्यर्थी ही आवेदन करने हेतु पात्र होंगे।

   एवं

   - संबंधित विषय में स्नातक उपाधि तथा प्रारंभिक शिक्षा में दो वर्षीय डिप्लोमा अथवा इसके समकक्ष

   अथवा

   - संबंधित विषय में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको के साथ स्नातक उपाधि तथा शिक्षा शास्त्र में एक वर्षीय स्नातक उपाधि (बी.एड)

   अथवा

   - संबंधित विषय में न्यूनतम 45 प्रतिशत अंको के साथ स्नातक उपाधि एवं इस सम्बन्ध में समय-समय पर जारी राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (मान्यता,मानदण्ड तथा क्रिया विधि) विनियमों के अनुसार शिक्षा शास्त्र में स्नातक उपाधि (बी.एड.)

   अथवा

   - कम से कम 50 प्रतिशत अंको के साथ हायर सेकेण्डरी अथवा इसके समकक्ष तथा प्रारंभिक शिक्षाशास्त्र में चार वर्षीय स्नातक (बी.एल.एड.)

   अथवा

   - कम से कम 50 प्रतिशत अंको के साथ हायर सेकेण्डरी अथवा इसके समकक्ष तथा संबंधित विषय में चार वर्षीय स्नातक उपाधि (बी.ए बी एड /बी.एस.सी. बी.एड. या बी.ए.एड./ बी.एससी.एड.)

   अथवा

   - संबंधित विषय में कम में कम 50 प्रतिशत अंको के साथ स्नातक उपाधि तथा एक वर्षीय बी.एड. (विशेष शिक्षा)

   नोटः- आरक्षित वर्गों जैसे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजातियो, अन्य पिछड़ा वर्गों तथा दिव्यांगजन अभ्यर्थियों को शैक्षणिक योग्यता के अर्हताकारी अंको में 5 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी।

   संस्कृत पाठशाला के माध्यमिक शिक्षक (संस्कृत) के संबंध में संस्कृत साहित्य/व्याकरण आदि विषय के साथ मान्यता प्राप्त संस्थान/ विश्वविद्यालय से द्वितीय श्रेणी में शास्त्री उपाधि न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता होगी। इसके अतिरिक्त बीएड/डीएड /डीएलएड प्रशिक्षित होना अनिवार्य होगा।

   नोट - संबंधित विषय परिशिष्ट 1 (अध्याय-2) के कॉलम 1 में अंकित मुख्य विषय एवं कॉलम 2 में अंकित विवरण के अनुसार मान्य होंगे |

(2) - माध्यमिक शिक्षक खेल

1. पद का विवरण - म.प्र. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत - माध्यमिक शिक्षक **खेल**
2. पद की श्रेणी- तृतीय श्रेणी पद संख्या - 338 वेतनमान - न्यूनतम वेतन रुपये 32800+ महगाई भत्ता ।
3. शैक्षणिक अर्हता- भर्ती नियम 2018 एवं समय-समय पर यथासंशोधित नियमों के नियम-8 की अनुसूची-तीन के अनुसार निम्नांकित अर्हता धारित करना अनिवार्य होगा -

   - कर्मचारी चयन मंडल मध्यप्रदेश भोपाल के द्वारा आयोजित "माध्यमिक शिक्षक- **खेल** पात्रता परीक्षा 2023" में निर्धारित प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण एवं अर्ह पाये गये अभ्यर्थी ही आवेदन करने हेतु पात्र होंगे।

   एवं

   - शारीरिक शिक्षा में 50% अंको के साथ स्नातक (बी.पी.एड./ बी.पी.ई) अथवा समकक्ष योग्यता धारित करना अनिवार्य होगा

   नोटः आरक्षित वर्गों जैसे अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजातियो,अन्य पिछड़ा वर्गों तथा दिव्यांगजन अभ्यर्थियों को शैक्षणिक योग्यता के अर्हताकारी अंकों में 5 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी।

(3) - माध्यमिक शिक्षक संगीत -गायन वादन

1. पद का विवरण- म.प्र. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत - माध्यमिक शिक्षक संगीत - गायन वादन
2. पद की श्रेणी- तृतीय श्रेणी पद संख्या - 392 न्यूनतम वेतन रुपये 32800+ महगाई भत्ता ।
3. शैक्षणिक अर्हता- भर्ती नियम 2018 एवं समय-समय पर यथासंशोधित नियमों के नियम-8 की अनुसूची-तीन के अनुसार निम्नांकित अर्हता धारित करना अनिवार्य होगा-
   - कर्मचारी चयन मंडल मध्यप्रदेश भोपाल के द्वारा आयोजित "**माध्यमिक शिक्षक संगीत -गायन वादन** पात्रता परीक्षा 2023 " में निर्धारित प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण एवं अर्ह पाये गये अभ्यर्थी ही आवेदन करने हेतु पात्र होंगे।

   एवं

   - मान्यता प्राप्त बोर्ड से कम से कम 50 प्रतिशत अंकों के साथ हायर सेकेण्डरी परीक्षा और मान्यता प्राप्त संस्थान से बी.म्यूज/ एम.म्यूज/ विद्/ कोविद् / रत्न या बी.म्यूज के समकक्ष।

   नोटः आरक्षित वर्गों जैसे अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजातियो, अन्य पिछड़ा वर्गों तथा दिव्यांगजन अभ्यर्थियों को शैक्षणिक योग्यता के अर्हताकारी अंकों में 5 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी।

(4) - प्राथमिक शिक्षक खेल

1. पद का विवरण- म.प्र. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग एवं म.प्र. शासन, जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत - प्राथमिक शिक्षक **खेल**
   वेतनमान - न्यूनतम वेतन रुपये 25300 + मंहगाई भत्ता
2. पद की श्रेणी- तृतीय श्रेणी पद संख्या - 1377 (स्कूल शिक्षा विभाग 724 + जनजातीय कार्य विभाग 653)
3. शैक्षणिक अर्हता- भर्ती नियम 2018 एवं समय-समय पर यथासंशोधित नियमों के नियम-8 की अनुसूची-तीन के अनुसार निम्नांकित अर्हता धारित करना अनिवार्य होगा-

   - कर्मचारी चयन मंडल मध्यप्रदेश भोपाल के द्वारा आयोजित "प्राथमिक शिक्षक **खेल** पात्रता परीक्षा 2023 " में निर्धारित प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण एवं अर्ह पाये गये अभ्यर्थी ही आवेदन करने हेतु पात्र होंगे।

   एवं

   - मान्यता प्राप्त बोर्ड से कम से कम 50 प्रतिशत अंकों के साथ हायर सेकेण्डरी परीक्षा और मान्यता प्राप्त संस्थान से शारीरिक शिक्षा में डिप्लोमा/ बी पी एड /बी पी ई या इसके समकक्ष

   नोटः आरक्षित वर्गों जैसे अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजातियो ,अन्य पिछड़ा वर्गों तथा दिव्यांगजन अभ्यर्थियों को शैक्षणिक योग्यता के अर्हताकारी अंकों में 5 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी।

(5) - प्राथमिक शिक्षक संगीत - गायन वादन

1. पद का विवरण- म.प्र. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग एवं म.प्र. शासन, जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत - प्राथमिक शिक्षक संगीत - गायन वादन

2. पद की श्रेणी- तृतीय श्रेणी — पद संख्या - 452 (स्कूल शिक्षा विभाग 422 + जनजातीय कार्य विभाग 30)
वेतनमान - न्यूनतम वेतन रुपये 25300 + मंहगाई भत्ता

3. शैक्षणिक अर्हता- भर्ती नियम 2018 एवं समय-समय पर यथासंशोधित नियमों के नियम-8 की अनुसूची-तीन के अनुसार निम्नांकित अर्हता धारित करना अनिवार्य होगा-

- कर्मचारी चयन मंडल मध्यप्रदेश भोपाल,के द्वारा आयोजित "**प्राथमिक शिक्षक संगीत - गायन वादन** पात्रता परीक्षा 2023 " में निर्धारित प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण एवं अर्ह पाये गये अभ्यर्थी ही आवेदन करने हेतु पात्र होंगे।

एवं

- मान्यता प्राप्त बोर्ड से कम से कम 50 प्रतिशत अंकों के साथ हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण और मान्यता प्राप्त संस्थान से गायन/वादन में डिप्लोमा अथवा बी.म्यूज/एम.म्यूज/ विद्/कोविद् /रत्न या बी.म्यूज के समकक्ष।

नोटः आरक्षित वर्गों जैसे अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजातियो ,अन्य पिछड़ा वर्गों तथा दिव्यांगजन अभ्यर्थियों को शैक्षणिक योग्यता के अर्हताकारी अंकों में 5 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी।

(6) - प्राथमिक शिक्षक - नृत्य

1. पद का विवरण- म.प्र. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग एवं म.प्र. शासन, जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत - प्राथमिक शिक्षक - नृत्य

2. पद की श्रेणी- तृतीय श्रेणी — पद संख्या - 270 (स्कूल शिक्षा विभाग 254 + जनजातीय कार्य विभाग 16)
वेतनमान - न्यूनतम वेतन रुपये 25300 + मंहगाई भत्ता

3. शैक्षणिक अर्हता- भर्ती नियम 2018 एवं समय-समय पर यथासंशोधित नियमों के नियम-8 की अनुसूची-तीन के अनुसार निम्नांकित अर्हता धारित करना अनिवार्य होगा-

- कर्मचारी चयन मंडल मध्यप्रदेश भोपाल,के द्वारा आयोजित "प्राथमिक शिक्षक संगीत - नृत्य पात्रता परीक्षा 2023" में निर्धारित प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण एवं अर्ह पाये गये अभ्यर्थी ही आवेदन करने हेतु पात्र होंगे।

एवं

- मान्यता प्राप्त बोर्ड से कम से कम 50 प्रतिशत अंकों के साथ हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण और मान्यता प्राप्त संस्थान से नृत्य में डिप्लोमा अथवा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी.म्यूज नृत्य/एम.म्यूज नृत्य/ नृत्य में विद/कोविद /रत्न में पत्रोपाधि या बी.म्यूज नृत्य के समकक्ष

नोटः आरक्षित वर्गों जैसे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, तथा दिव्यांगजन अभ्यर्थियों को शैक्षणिक योग्यता के अर्हताकारी अंकों में 5 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी।

4. अंकसूची/उपाधि (शैक्षणिक एवं व्यावसायिक) मान्यता प्राप्त संस्थान के ही मान्य होंगे। इसके अतिरिक्त अन्य समस्त आवश्यक प्रमाण पत्र राज्य शासन द्वारा अभिविहित सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किये गये प्रमाण पत्र ही स्वीकार किये जाऐंगे। यह दायित्व पूरी तरह से अभ्यर्थी का होगा।

5. आवेदन पत्र / निर्देश पुस्तिका- कर्मचारी चयन मंडल भोपाल एवं विभाग के निर्देशानुसार होगा।

6. आयु-सीमा

6.1 न्यूनतम आयु- 21 वर्ष

6.2 अधिकतम आयु - 01 जनवरी 2024 को :-

क्र.	आवेदक	अधिकतम आयु	अतिथि शिक्षक जिनके द्वारा न्यूनतम तीन शैक्षणिक सत्रों में एवं न्यूनतम 200 दिवस मध्यप्रदेश के शासकीय विद्यालयों में अतिथि शिक्षक के रूप में अध्यापन कार्य किया गया हो, उनकी अधिकतम आयु सीमा
(1)	(2)	(3)	(4)
1-	पुरूष आवेदक (अनारक्षित वर्ग)	40	49
2-	मध्यप्रदेश की मूल/स्थानीय निवासी महिला आवेदक (अनारक्षित वर्ग)	45	54
3-	पुरूष/महिला (मध्यप्रदेश शासन के निगम, मण्डल/ स्वशासी संस्था के कर्मचारी तथा नगर सैनिक)	45	-
4-	पुरूष/महिला (मध्यप्रदेश के आरक्षित वर्ग, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग)	45	54
5-	मध्यप्रदेश के मूल/स्थानीय निवासी दिव्यांगजन आवेदकों के लिये	45	54

6.3 न्यूनतम एवं अधिकतम आयु की गणना- दिनांक 1.1.2024 के आधार पर की जावेगी। आरक्षण तथा आयु सीमा संबंधी छूट मध्यप्रदेश के मूल/स्थानीय निवासियों को ही देय होगी।

6.4 मध्यप्रदेश के मूल/स्थानीय निवासी को ही कंडिका 6.2 के अनुसार आयु सीमा में छूट का लाभ प्राप्त होगा।

6.5 उम्मीदवार को, जो भूतपूर्व सैनिक हो, की आयु का निर्धारण म.प्र. राज्य स्कूल शिक्षा सेवा (शैक्षणिक संवर्ग) सेवा शर्ते एवं भर्ती नियम, 2018 के नियम 8(घ) के अनुसार होगा। ऐसे उम्मीदवार को, जो भूतपूर्व सैनिक हो अपनी आयु में से उसके द्वारा पहले की गई समस्त सेवा की अवधि कम करने की अनुमति दी जाएगी, बशर्ते कि इसके परिणाम स्वरूप जो आयु निकले वह अधिकतम आयु सीमा से पांच वर्ष से अधिक न हो

- स्पष्टीकरण :- शब्द "भूतपूर्व सैनिक" से अभिप्रेत ऐसे व्यक्ति से है, जो निम्नलिखित प्रवर्गों में से किसी एक प्रवर्ग में रहा हो तथा जो भारत शासन के अधीन कम से कम छः माह तक निरंतर सेवा में रहा हो तथा किसी भी रोजगार कार्यालय में अपना पंजीयन कराने अथवा शासकीय सेवा में नियुक्ति के लिये अन्यथा आवेदन पत्र देने की तारीख से अधिक से अधिक तीन वर्ष पूर्व मितव्ययिता इकाई (यूनिट) की सिफारिश के परिणाम स्वरूप कर्मचारियों की संख्या में सामान्य रूप से कटौती किये जाने के कारण जिसकी छटनी की गई हो अथवा जिसे अतिरिक्त घोषित किया गया हो-

(6.5.1) ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जिन्हें कि समय से पूर्व निवृत्ति रियायतो (मस्टरिंग आउट कन्सेशन) के अधीन निर्मुक्त कर दिया गया हो।

(6.5.2) ऐसे भूतपूर्व सैनिक जिन्हें दूसरी बार नामांकित किया गया हो और जिन्हें-

(क) अल्पकालीन वचनबंध की अवधि पूर्ण हो जाने पर,
(ख)नामांकन संबंधी शर्तें पूरी हो जाने पर सेवामुक्त कर दिया गया हो।

(6.5.3) मद्रास सिविल इकाई (यूनिट) के भूतपूर्व कार्मिक

(6.5.4) ऐसे अधिकारी (सैनिक तथा असैनिक) जिसमें अल्पअवधि सेवा में नियमित कमीशन प्राप्त अधिकारी भी सम्मिलित है जिन्हें उनकी संविदा के पूरी होने पर सेवामुक्त किया गया हो,

(6.5.5) ऐसे अधिकारी जिन्हें अवकाश रिक्तियों पर छह माह से अधिक समय तक निरंतर कार्य करने के पश्चात सेवा मुक्त कर दिया गया हो;

(6.5.6) असमर्थ होने के कारण सेवा से अलग किये गए भूतपूर्व सैनिक,

(6.5.7) ऐसे भूतपूर्व सैनिक जिन्हें इस आधार पर सेवामुक्त किया गया हो कि अब वे दक्ष सैनिक बनने के योग्य नहीं है;

(6.5.8) ऐसे भूतपूर्व सैनिक, जिनको गोली लग जाने, घाव आदि हो जाने के कारण चिकित्सीय आधार पर सेवा से अलग कर दिया हो

6.6 मध्यप्रदेश के स्थाई निवासी आवेदकों को प्रोत्साहन स्वरूप दी जाने वाली छूट

6.6.1 अनुसूचित जाति के अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन योजना अंतर्गत पुरुस्कार प्राप्त सवर्ण पति/पत्नि के मामले में अधिकतम आयु सीमा में छूट सामान्य प्रशासन विभाग के प्रचलित निर्देशानुसार अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट दी जाएगी |

6.6.2 विक्रम पुरूस्कार प्राप्त अभ्यर्थी को अधिकतम आयु सीमा में सामान्य प्रशासन विभाग के प्रचलित निर्देशानुसार अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट दी जाएगी |

6.7 मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक सी 3-9/2019/1/3 दिनांक 22 फ़रवरी 2022 एवं इसमें संशोधन दिनांक 6-04-2023 से जारी निर्देशों के अनुसार

6.7.1 हाल के भारत-पाक संघर्ष में अपंग हुए सैनिकों को
6.7.2 हाल के भारत-पाक संघर्ष में मृत सैनिकों के प्रत्येक सैनिक के परिवार के अधिक से अधिक 2 आश्रित व्यक्तियों को
6.7.3 भूतपूर्व सैनिकों(Demobilised Defense forces Personnel- Ex Servicemen- other ranks) को
6.7.4 निर्वाचन के अतिशेष कर्मचारी
6.7.5 अतिशेष कर्मचारियों को
6.7.6 जनगणना 1981 के अतिशेष कर्मचारी
6.7.7 कार्यभारित एवं आकस्मिकता निधि से वेतन पाने वाले कर्मचारियों को
6.7.8 राष्ट्रीय छात्र सेना (NCC) के उम्मीदवारों को जिनके पास "सी" प्रमाण-पत्र
6.7.9 बर्मा एवं सिलौन से आये हुए भारतीय नागरिकों को
6.7.10 राजस्व विभाग के अर्न्तगत कार्यरत सेक्शन राईटर्स

उक्त उल्लेखित वर्गों के उम्मीदवारों को म.प्र. कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अधिकतम आयु सीमा 55 वर्ष निर्धारित है, तथा इन वर्गों के उम्मीदवारों को म.प्र. कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षा में प्राप्त प्राप्तांक में 5 प्रतिशत अतिरिक्त अंक प्रदान किये जायेंगे।

टीप- यदि कोई आवेदक प्रोत्साहन स्वरूप दी जाने वाली छूटों में से निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में छूट के लाभ के लिये एक से अधिक आधार रखता है (अतिथि शिक्षको को छोड़कर), तो उसे अधिकतम लाभ वाले किसी एक आधार के लिये निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में ही छूट का लाभ प्राप्त होगा। कंडिका 6.7 को छोड़कर, सभी प्रकार की छूट को शामिल करते हुए किसी भी स्थिति में गैर अतिथि शिक्षक प्रवर्ग के लिए अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी तथा अतिथि शिक्षक प्रवर्ग के लिए अधिकतम आयु सीमा 54 वर्ष से अधिक नहीं होगी|

7. आरक्षण :-

7.1 मध्यप्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछडे वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम 1994 (क्रमांक 21 सन् 1994) के उपबंधों, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा उसकी अधिसूचना क्रमांक-एफ-6-1/2002/आ.प्र./दिनांक 19 सितम्बर 2002 द्वारा जारी किये गये अनुदेशो के अनुसार, मध्यप्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछडे वर्गों के लिए आरक्षण) नियम, 1998 और राज्य शासन द्वारा, समय-समय पर जारी किये गये आदेश के अनुसरण में, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछडे वर्ग और अनारक्षित प्रवर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए पद आरक्षित किये गये हैं।

7.2 रिक्त पदों के प्रत्येक प्रवर्ग यथा अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग,अनारक्षित प्रवर्ग के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग एवं अनारक्षित वर्ग के लिये निम्नानुसार क्षैतिजिक आरक्षण है:-

(एक) मध्यप्रदेश की महिलाओं के लिये 50% परन्तु महिलाओं के लिये आरक्षित पदों की पूर्ति नहीं हो पाने की स्थिति में रिक्त रहे पदों को उसी प्रवर्ग के ओपन सीट के पात्रताधारी अभ्यर्थियों से भरा जाएगा ।

(दो) भूतपूर्व सैनिकों के लिये 10% पद प्रवर्गवार हॉरिजॉन्टल रूप से आरक्षित होंगे | भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित पदों की पूर्ति नहीं हो पाने की स्थिति में रिक्त रहे पदों को उसी प्रवर्ग की पात्रताधारी महिला/पुरूष अभ्यर्थी से यथास्थिति भरा जायेगा।

(तीन) शैक्षणिक संवर्ग अंतर्गत सीधी भर्ती के शिक्षकों के पदो के उपलब्ध रिक्तियों की 50 प्रतिशत रिक्तियां अतिथि शिक्षक वर्ग के लिये आरक्षित की जाएगी, जिनके द्वारा न्यूनतम तीन शैक्षणिक सत्रों में एवं न्यूनतम 200 दिवस मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित शासकीय विद्यालयों में अतिथि शिक्षक के रूप में अध्यापन कार्य किया गया हैं ।

परन्तु अतिथि शिक्षक के लिये आरक्षित पदों की पूर्ति नहीं हो पाने की स्थिति में रिक्त पदों को अन्य पात्र अभ्यर्थियों द्वारा भरा जायेगा। न्यूनतम तीन शैक्षणिक सत्र केवल तभी पूर्ण माने जायेंगे, जब प्रत्येक सत्र में न्यूनतम 30 दिवस अतिथि शिक्षक के रूप में कार्य किया हो। इसके अलावा तीनों सत्रों का कुल अध्यापन अनुभव 200 दिवस होगा।

- महिला अतिथि के पद रिक्त रहने पर प्रथमत: ओपन अतिथि से पूर्ति की जाएगी, तदुपरांत ओपन अतिथि से भी पूर्ति नहीं होने पर महिला अतिथि के शेष रिक्त पदों को उस प्रवर्ग में गैर अतिथि महिला पात्रताधारी अभ्यर्थियों से भरा जाएगा, तथा अतिथि प्रवर्ग के ओपन श्रेणी के पदो की पूर्ति नही होने पर ये पद ओपन गैर अतिथि से भरे जायेंगे |

7.3 दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 और मध्यप्रदेश दिव्यांगजन अधिकार नियम, 2017 के अनुसार 6% पदों का आरक्षण प्रत्येक श्रेणी के लिए 1.5% की सीमा में निम्नानुसार है-

i. दृष्टिबाधित और कमदृष्टि।
ii. बहरे और कम सुनने वाले।
iii. लोकोमोटर डिसेबिलेटी जिसमें सेरेब्रल पाल्सी,कुष्ठ रोग मुक्त, बौनापन, एसिड अटैक पीडित, मसकुलर डिस्ट्रोफी सम्मिलित हैं।
iv. बहु विकलांगता उपरोक्तानुसार (i)से (iii)को सम्मिलित करते हुये।

(अधिसूचित चिकित्सा प्राधिकारी/मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी न्यूनतम 40% स्थाई दिव्यांगता का प्रमाण पत्र ही मान्य होगा, अभ्यर्थी को मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित होकर स्थाई निशक्तता का प्रमाणीकरण करना होगा एवं भूतपूर्व सैनिक की दशा में प्रमाण-पत्र का सत्यापन निदेशक सैनिक कल्याण बोर्ड मध्यप्रदेश से कराया जायेगा)

दिव्यांग आरक्षण के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक एफ-8-2/2013/अ.प्र./1, दिनांक 30 जून 2014 के अनुसार आरक्षण वर्गवार न होकर दिव्यांगों की श्रेणीवार होगा।

ऐसे अभ्यर्थी जिनका चयन दिव्यांग श्रेणी में हुआ है, उन्हें 40 प्रतिशत अथवा अधिक स्थायी दिव्यांगता का सक्षम अधिकारी/ मेडिकल बोर्ड का नवीनतम एवं वैध स्थायी दिव्यांगता प्रमाणपत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा। सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण संचालनालय मध्यप्रदेश के परिपत्र क्रमांक/477/1255032/2023/26-2 दिनांक 12.4.23 में उल्लेखानुसार दिनांक 1.6.2021 तथा उसके पश्चात जारी दिव्यांगता प्रमाणपत्र यूडीआईडी पोर्टल के http:\\www.swavlambancard.gov.in के माध्यम से जारी होने पर ही मान्य होंगें । उक्त तिथि के बाद मेन्युअल प्रक्रिया से जारी किया गया दिव्यांगता प्रमाणपत्र अमान्य होगा। अभ्यर्थी कृपया ध्यान रखें कि प्रमाणपत्र में 40% या अधिक स्थायी दिव्यांगता प्रमाणित होने पर ही दिव्यांग अभ्यर्थियों को देय आरक्षण एवं अन्य छूट का लाभ देय होगा।

7.4 सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा मध्यप्रदेश राजपत्र दिनांक 31 मई 2018 में प्रकाशित नियम 4 (ख) आदिम जनजातियों के लिये विशेष उपबन्ध अनुसार यदि आवेदक जिला श्योपुर, मुरैना, दतिया, ग्वालियर, भिण्ड, शिवपुरी, गुना तथा अशोकनगर की सहारिया/सहरिया आदिम जनजाति, जिला मण्डला, डिण्डोरी, शहडोल, उमरिया, बालाघाट तथा अनूपपुर की बैगा आदिम जनजाति तथा जिला छिंदवाडा तथा सिवनी की भारिया जनजाति का है, और उस पद के लिये विहित की गई न्यूनतम अर्हता रखता है, तो उसे भर्ती प्रक्रिया को अपनाए बिना उक्त पद पर नियुक्त किया जाएगा | इस नियम के तहत ऐसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा निर्धारित अंको के साथ संबंधित विषय की शिक्षक पात्रता परीक्षा 2018 / 2023 पास की है, एवं संबंधित विषय के शिक्षक पद हेतु निर्धारित शैक्षणिक एवं व्यावसायिक योग्यता धारित करते हों, वे संबंधित विभाग (आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय, गौतम नगर, भोपाल तथा आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग, सतपुडा भवन, भोपाल) के भर्ती कक्ष में ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि तक आवेदन कर सकेंगे | इनके चयन का आधार संबंधित विषय की शिक्षक पात्रता परीक्षा 2018 / 2023 में प्राप्त अंकों की मेरिट के आधार पर होगा।

उक्तानुसार चयन किये गये उम्मीदवारों की संख्या अनुसूचित जनजाति श्रेणी के विज्ञापित पदों में समायोजित की जावेगी।

7.5 सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश दिनांक 05 जून 2018 के अनुसार संविदा कर्मी के आरक्षण के सम्बन्ध में विभाग द्वारा सक्षम स्तर से छूट प्राप्त की गई है | अतः संविदा कर्मचारियों के लिए पृथक से आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं है |

7.6 सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश दिनांक 22 फरवरी 2022 के पालनार्थ विभिन्न वर्गों को प्राथमिकता संबधी तालिका में अंकित अभ्यर्थियों के लिए उन्हें प्राप्त अंको के 5 प्रतिशत बोनस अंक प्रदान किये जायंगे

7.7 चयन परीक्षा के लिए आवेदन करते समय सम्बंधित अभ्यर्थी के पास म.प्र. राज्य के रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य होगा |

8. परिवीक्षा एवं वेतनः-

मध्यप्रदेश राज्य स्कूल शिक्षा सेवा (शैक्षणिक संवर्ग) सेवा शर्ते एवं भर्ती नियम 2018 एवं समय-समय यथासंशोधित नियमों तथा मध्यप्रदेश जनजातीय कार्य एवं अनुसूचित जाति शिक्षण संवर्ग (सेवा एवं भर्ती) नियम 2018 तथा इस नियम की संशोधित

अधिसूचना दिनांक 24.12.2019 के अंतर्गत विहित प्रावधानों के अनुसार होगा। भर्ती नियम 2018 एवं समय-समय यथासंशोधित नियमों के नियम 13 के अनुसार परिवीक्षा अवधि में वेतन देय होगा।

9. शिक्षक चयन परीक्षा में अर्ह होने के लिये प्रवर्गवार न्यूनतम अंकों का प्रतिशत निम्नलिखित अनुसार होगा :-

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग/ दिव्यांग व्यक्ति/ आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग	अन्य
40%	50%

10. चयन परीक्षा के पूर्व आवेदन पत्रों की जांच नहीं की जावेगी। अतः परीक्षा के लिए बुलाये जाने का आशय यह नहीं होगा कि आपकी उम्मीदवारी (Candidature) अंतिम रूप से मान्य कर ली गयी है। आवेदन पत्र में भरी गई जानकारी की सत्यता की जिम्मेदारी उम्मीदवार की होगी।

11. समस्त प्रकार के पदों के लिए चयन परीक्षा में उत्तीर्ण उम्मीदवारों में से विज्ञापित पद की संख्या के अनुरूप मेरिट के आधार पर उम्मीदवारों से प्रमाण पत्र एवं अभिलेख बुलवाये जायेंगे। जांच उपरांत यदि उम्मीदवार की योग्यता विज्ञापित पद अनुरूप नहीं पायी गई या कोई अभिलेख गलत पाया गया तो उसकी उम्मीदवारी निरस्त कर दी जायेगी। जिन उम्मीदवारों के अभिलेख एवं प्रमाण पत्र विज्ञापन अनुसार सही पाये जायेंगे उनका पुलिस चरित्र सत्यापन की प्रत्याशा में नियुक्ति आदेश जारी किया जावेगा। इस हेतु शपथ पत्र देना होगा। नियुक्ति के समय उम्मीदवार को जिला मेडीकल बोर्ड से स्वास्थ्य प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

12. **स्पष्टीकरण -**

12.1 शिक्षकों के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन जारी कर शिक्षक चयन परीक्षा आयोजित की जाएगी शिक्षक चयन परीक्षा के आधार पर अर्हता धारी अभ्यर्थियों की नियुक्ति पर ही विचार किया जा सकेगा।

12.2 संबंधित विषय की शिक्षक पात्रता परीक्षा 2018 / 2023 में अर्ह अभ्यर्थियों को ही शिक्षक चयन परीक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता होगी।

12.3 शिक्षक चयन परीक्षा हेतु - अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थी जो मध्यप्रदेश के मूल निवासी हों, एवं दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए संबंधित विषय की शिक्षक पात्रता परीक्षा 2018 / 2023 में न्यूनतम 50 प्रतिशत अर्हकारी अंक का लाभ मान्य किया जायेगा, जब उनके पास मध्यप्रदेश के सक्षम अधिकारी द्वारा जारी वैध प्रमाणपत्र उपलब्ध होगा। अन्यथा की स्थिति में माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा 2018 या 2023 में न्यूनतम अर्हकारी अंक 60 प्रतिशत के आधार पर ही चयन परीक्षा हेतु पात्रता मान्य होगी | अन्य राज्य के आवेदकों के लिए भी संबंधित विषय की शिक्षक पात्रता परीक्षा 2018 / 2023 में न्यूनतम अर्हकारी अंक 60 प्रतिशत के आधार पर ही चयन परीक्षा हेतु पात्रता मान्य होगी।

12.4 ऐसे अभ्यर्थी, जिनके द्वारा पात्रता परीक्षा में 90 से कम अंक प्राप्त कर आरक्षित प्रवर्ग में अर्हता अर्जित की है, उनकी अभ्यर्थिता चयन परीक्षा के लिए आरक्षित प्रवर्ग में ही मान्य होगी, ऐसे अभ्यर्थी अनारक्षित प्रवर्ग में चयन हेतु पात्र नहीं होंगे। अनारक्षित प्रवर्ग में सिर्फ चयन हेतु उन्हीं अभ्यर्थियों के संबंध में विचार किया जायेगा, जिनके द्वारा पात्रता परीक्षा 60 प्रतिशत अथवा अधिक (90 या अधिक) अंक प्राप्त कर अर्हता अर्जित की हो साथ ही चयन परीक्षा में भी 50 प्रतिशत अथवा अधिक अंक प्राप्त किए हों।

12.5 शिक्षक चयन परीक्षा में अर्हकारी अंक प्राप्त करने मात्र से नियुक्ति हेतु कोई दावा नहीं किया जा सकेगा। स्कूल शिक्षा विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग द्वारा निर्धारित नियुक्ति की अन्य समस्त शर्तें पूर्ण करने पर ही नियुक्ति की कार्यवाही की जायेगी।

12.6 संबंधित विषय की शिक्षक पात्रता परीक्षा 2018 / 2023 में भाग लेने हेतु यह शर्त निर्धारित की गई थी कि ऐसे आवेदक जो निर्धारित शैक्षणिक/व्यावसायिक योग्यता अर्जित करने के अंतिम वर्ष में है, वे भी संबंधित विषय की शिक्षक पात्रता परीक्षा 2018 / 2023 में बैठने हेतु मान्य होंगे| ऐसे अभ्यर्थियों को चयन परीक्षा उपरांत पात्र पाए जाने पर मेरिट क्रम में शैक्षणिक योग्यता संबंधी अर्हता अर्जन की संदर्भ तिथि विभाग में जिस दिनांक को दस्तावेज मांगे जायेंगे उस दिनांक को प्रस्तुत करने होंगे अर्थात् उस तिथि को अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा अंक सूची / उपाधि धारित किया जाना अनिवार्य होगा । ऐसे अभ्यर्थी जिनके पास शैक्षणिक योग्यता नहीं है अथवा जो निर्धारित शैक्षणिक /व्यावसायिक योग्यता अर्जित करने के अंतिम वर्ष में अध्ययनरत नहीं थे और त्रुटिपूर्ण जानकारी देकर संबंधित विषय की शिक्षक पात्रता परीक्षा 2018 / 2023 में सम्मिलित होकर पात्रता अर्जित कर ली है तो ऐसे अभ्यर्थी को गलत जानकारी देकर परीक्षा में सम्मिलित होने के कारण उनकी अभ्यर्थिता नियुक्ति हेतु अमान्य की जाएगी।

12.7 अभ्यर्थी एक से अधिक विषय की चयन परीक्षा में बैठ सकते हैं बशर्ते वह उन सभी विषयों में निर्धारित शैक्षणिक योग्यता रखता हो तथा उन सभी विषयों में शिक्षक पात्रता परीक्षा 2018 / 2023 उत्तीर्ण की हो।

13/ निरर्हताएं:-

1) यदि वह भारत का नागरिक अथवा नेपाल या भूटान की प्रजा नहीं हो ।

2) यदि उसे केन्द्र सरकार,राज्य सरकार,जिला या जनपद पंचायत या ग्राम पंचायत या किसी अन्य स्थानीय प्राधिकरण या सहकारी सोसाइटी या केन्द्र या राज्य सरकार के नियंत्रणाधीन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम की सेवा से अवचार के कारण बर्खास्त किया गया है।

3) कोई भी अभ्यर्थी जो किसी ऐसे अपराध के लिये दोष सिद्ध ठहराया गया हो जिसमें नैतिक, अधमता, अर्न्तग्रस्त हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा । परन्तु जहां उम्मीदवार के विरूद्ध ऐसा मामला न्यायालय में लंबित हो, वहां ऐसे अभ्यर्थी की नियुक्ति, आपराधिक मामले का अंतिम विनिश्चय होने तक लंबित रखा जाएगा।

4) यदि उसकी एक से अधिक जीवित पत्नी है और स्त्री अभ्यर्थी की दशा में यदि उसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया है जिसकी पूर्व से एक जीवित पत्नी है।

5) यदि वह केन्द्र सरकार या राज्य सरकार या किसी स्थानीय प्राधिकरण या केन्द्र सरकार या राज्य सरकार के किसी उपक्रम या सरकार द्वारा सहायता प्राप्त किसी निकाय का कर्मचारी हो तो जब तक उसने अपने नियोजनकर्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र अभिप्राप्त न कर लिया हो और उसने नियुक्ति हेतु अभिलेखों के सत्यापन के समय यह अनापत्ति अपने आवेदन के साथ प्रस्तुत नही किया हो।

6) कोई भी अभ्यर्थी जिसकी दो से अधिक जीवित संतान हो, जिनमें से एक का जन्म दिनांक 26.01.2001 को या उसके पश्चात् हुआ हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिये पात्र नही होगा । परन्तु कोई भी अभ्यर्थी जिसकी पहले से एक जीवित संतान है तथा आगामी प्रसव दिनांक 26.01.2001 को या उसके पश्चात् हुआ हो, जिसमें दो या दो से अधिक संतान का जन्म होता है, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिये अयोग्य नहीं होगा।

7) किसी अभ्यर्थी की ओर से अपनी अभ्यर्थिता के लिये किसी भी साधन से समर्थन अभिप्राप्त करने के किसी भी प्रयास को शासन द्वारा चयन में उसके उपस्थित होने के लिये निरर्हता माना जा सकेगा।

8) कोई भी अभ्यर्थी,जिसने विवाह के लिये नियत की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा।

9) मध्यप्रदेश सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्ते) नियम,1961 में दिये गये प्रावधान एंव समय-समय पर शासन द्वारा जारी किये गये निर्देशों के अनुसार निरर्हताए अभ्यर्थियों के लिये लागू होंगी।

14. अधिनियम/ नियम/ निर्देश/ विभिन्न अधिसूचनाओं तथा इस निर्देशिका के मध्य किसी भी प्रकार का विरोधाभास अथवा अंतर पाये जाने की स्थिति में मूल अधिनियम/ नियम/ अधिसूचना/ निर्देश ही मान्य होंगे।

15. विषयमान से रिक्तियों की संख्या विज्ञापन में प्रदर्शित है। रिक्तियों की संख्या में कमी अथवा वृद्धि की जा सकेगी। प्राथमिक शिक्षक (खेल, संगीत - गायन/वादन/नृत्य) के पद जिला संवर्ग के हैं। अत: जिला रोस्टर के आधार पर प्रवर्गवार पदों की गणना कर पद विज्ञापित किये गये हैं एवं जिला रोस्टर के आधार पर ही नियुक्ति की कार्यवाही की जायेगी।

16. आवेदन शुल्क -आवेदन शुल्क का विनिश्चय बोर्ड की कार्यपालक समिति द्वारा किया जाएगा जिसमें परीक्षा शुल्क भी सम्मिलित होगा।

17. योग्यता सह चयन सूची तैयार करने की प्रक्रिया-

17.1 यह प्रक्रिया विभाग के विहित प्रावधानों के अनुसार होगी, जिसमें चयन परीक्षा में सभी अभ्यर्थियों की एकीकृत रैंक जारी की जायेगी। अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों का नाम सूची में सबसे ऊपर दर्शाया जाएगा और इसके बाद अन्य नाम अवरोही क्रम में दर्शाये जायेंगे। समान अंक होने पर अधिक आयु वाले अभ्यर्थी को वरीयता दी जाएगी |

17.2 विज्ञापित रिक्तियों के आधार पर चयन सूची तैयार की जायेगी। पात्रता परीक्षा की अर्हता के प्रवर्ग एवं चयन परीक्षा के अंकों के आधार पर अनारक्षित अथवा आरक्षित प्रवर्ग में चयन किया जा सकेगा।

17.3 प्रमाण पत्रों का सत्यापन और नियुक्ति की प्रक्रिया।

- कर्मचारी चयन मंडल द्वारा मेरिट सूची प्रकाशित होने तक आवेदकों के किसी भी प्रकार के दस्तावेजों का सत्यापन नहीं किया जावेगा। यह आवेदक की स्वयं की जिम्मेदारी होगी कि वह भली भांति सुनिश्चित कर ले कि वह विज्ञापित पद के लिए समस्त अर्हतायें पूर्ण करता है। मेरिट सूची जारी होने के बाद विज्ञापित पदों की संख्या के समरूप उम्मीदवारों को सम्बंधित विभाग द्वारा मूल दस्तावेज की जांच हेतु बुलाया जावेगा, यदि जांच में यह पाया जाता है कि आवेदक विज्ञापन अनुसार अर्हता नही रखता है तो उसकी उम्मीदवारी स्वयमेव ही निरस्त मानी जाएगी। अभिलेख परीक्षण हेतु बुलाये गये आवेदक अपने पद से संबंधित समस्त मूल दस्तावेजों एवं उसकी सत्यापित छायाप्रतियों के साथ उपस्थित होना होगा।

- शिक्षक चयन परीक्षा स्कूल शिक्षा एवं जनजातीय कार्य विभाग के लिए संयुक्त रूप से आयोजित होने के कारण अभ्यर्थी को आवेदन करते समय विभाग का चयन करना होगा | मेरिट कम प्रिफेरेंस के आधार पर विभाग वार सूची तैयार होगी, जिस विभाग में अभ्यर्थी का चयन होगा उसे उसी विभाग के लिए मान्य किया जायेगा | उदहारण के लिए यदि कोई अभ्यर्थी किसी एक ही विभाग का चयन करता है और उसे मेरिट क्रम में वह विभाग आवंटित नहीं होता है तो वह नियुक्ति प्रक्रिया से बाहर हो जायेगा
- प्राथमिक शिक्षक के पद जिला संवर्ग के हैं। अत: मेरिट सूची के अभ्यर्थियों से सर्वप्रथम प्राथमिकता के क्रम में जिलों का चयन करवाया जायेगा, तदोपरांत दस्तावेज सत्यापन में पात्र पाये गये अभ्यर्थियों के आधार पर प्रवर्गवार विज्ञापित रिक्तियों के अनुसार जिला स्तरीय चयन सूची जारी की जायेगी।
- अपात्र / अनुपस्थित उम्मीदवारों के स्थान पर शेष पात्र अभ्यर्थियों में से मेरिट क्रम में उम्मीदवारों के चयन हेतु दस्तावेज परीक्षण के लिये बुलाया जायेगा। उपरोक्त के अतिरिक्त सभी पात्र अभ्यर्थियों की एकीकृत मेरिट मेरिट रैंक भी जारी की जायेगी।
- ऐसे अभ्यर्थी, जो नवीन सीधी भर्ती एवं सीधी भर्ती-बैकलॉग दोनों प्रकार के पदों हेतु आवेदन करते हैं, उन्हें प्राप्तांकों के आधार पर पहले सीधी भर्ती (नवीन) पदों की मेरिट में स्थान प्राप्त होगा, तदोपरांत सीधी भर्ती-बैकलॉग के पदों की मेरिट में सम्मिलित किया जायेगा।
- प्रवर्गवार प्रकाशित रिक्तियों के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों के शैक्षणिक/व्यवसायिक योग्यता, अनुभव, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आरक्षण से संबंधित वैध प्रमाण पत्र एवं अर्हता से संबंधित अन्य वंछित प्रमाण पत्र का सत्यापन उपरांत ही उनकी अभ्यर्थिता के संबंध में निर्णय लिया जाएगा।
- शिक्षक चयन परीक्षा का आवेदन करते समय अभ्यर्थी द्वारा जिस विद्यालय /संस्था से शैक्षणिक / व्यावसायिक योग्यता अर्जित करना अंकित किया है उसी विद्यालय /संस्था की अंक सूची के आधार पर ही अभ्यर्थिता के संबंध में निर्णय लिया जाएगा।
- माध्यमिक शिक्षक (विषय) की पात्रता परीक्षा वर्ष 2018 में सम्मिलित हुए अभ्यर्थी, जो माध्यमिक शिक्षक (विषय) की चयन परीक्षा में ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी का लाभ लेना चाहते हैं, वह पात्रता परीक्षा में ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी के लिए निर्धारित अंक प्राप्त करने की स्थिति में पात्र मानते हुए चयन परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।

आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश, भोपाल	आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग मध्यप्रदेश शासन, भोपाल

मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत माध्यमिक शाला विषय शिक्षक सीधी भर्ती के रिक्त पदों की आरक्षण तालिका

पद कोड 01 - सीधी भर्ती - नवीन पद - हिन्दी (अतिथि शिक्षक प्रवर्ग) कुल पद 245

स.क्र.	श्रेणी	निल		भूतपूर्व सैनिक		योग	दिव्यांग
		ओपन	महिला	ओपन	महिला		
1	अनारक्षित (UR)	31	30	3	3	67	निशक्तजनों की कुल 14 रिक्तियों में से LD-4, MD-3, EH-3 एवं VH-4 के लिए आरक्षित है। जिस श्रेणी का निशक्तजन इन पदों के लिए चयनित होगा, उसे उसी श्रेणी हेतु मान्य किया जायेगा। यह पद प्रत्येक श्रेणी की बिना वर्ग/ओपन की उपलब्ध रिक्तियों में समाहित है।
2	ई. डब्लू. एस. (EWS)	11	11	1	1	24	
3	अनुसूचित जाति (SC)	18	18	2	2	40	
4	अनुसूचित जनजाति (ST)	22	22	2	2	48	
5	अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)	30	30	3	3	66	
	Total	112	111	11	11	245	

अन्य पिछड़ा वर्ग को 14% प्रतिशत आरक्षण के अनुसार 87% पदों की आरक्षण तालिका

स.क्र.	श्रेणी	निल		भूतपूर्व सैनिक		योग	दिव्यांग
		ओपन	महिला	ओपन	महिला		
1	अनारक्षित (UR)	31	30	3	3	67	निशक्तजनों की कुल 14 रिक्तियों में से LD-4, MD-3, EH- 3 एवं VH-4 के लिए आरक्षित है। जिस श्रेणी का निशक्तजन इन पदों के लिए चयनित होगा, उसे उसी श्रेणी हेतु मान्य किया जायेगा। यह पद प्रत्येक श्रेणी की बिना वर्ग/ओपन की उपलब्ध रिक्तियों में समाहित है।
2	ई. डब्लू. एस. (EWS)	11	11	1	1	24	
3	अनुसूचित जाति (SC)	18	18	2	2	40	
4	अनुसूचित जनजाति (ST)	22	22	2	2	48	
5	अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)	16	15	2	1	34	
	Total	98	96	10	9	213	

अन्य पिछड़ा वर्ग को शेष 13% प्रतिशत आरक्षण के अनुसार प्रावधिक/काल्पनिक आरक्षण तालिका

स.क्र.	श्रेणी	निल		भूतपूर्व सैनिक		योग	दिव्यांग
		ओपन	महिला	ओपन	महिला		
1	अनारक्षित (UR)	14	15	1	2	32	
2	अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)	14	15	1	2	32	

पद कोड 02 - सीधी भर्ती - नवीन पद - हिन्दी (गैर अतिथि शिक्षक प्रवर्ग) कुल पद 255 (विज्ञापित)

स.क्र.	श्रेणी	निल		भूतपूर्व सैनिक		योग	दिव्यांग
		ओपन	महिला	ओपन	महिला		
1	अनारक्षित (UR)	31	31	4	4	70	निशक्तजनों की कुल 16 रिक्तियों में से LD - 4,MD-4,EH- 4 एवं VH-4 के लिए आरक्षित है। जिस श्रेणी का निशक्तजन इन पदों के लिए चयनित होगा, उसे उसी श्रेणी हेतु मान्य किया जायेगा। यह पद प्रत्येक श्रेणी की बिना वर्ग/ओपन की उपलब्ध रिक्तियों में समाहित है।
2	ई. डब्लू. एस. (EWS)	12	11	2	1	26	
3	अनुसूचित जाति (SC)	18	18	2	2	40	
4	अनुसूचित जनजाति (ST)	23	23	3	3	52	
5	अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)	30	30	4	3	67	
	Total	114	113	15	13	255	

अन्य पिछड़ा वर्ग को 14% प्रतिशत आरक्षण के अनुसार 87% पदों की आरक्षण तालिका

स.क्र.	श्रेणी	निल		भूतपूर्व सैनिक		योग	दिव्यांग
		ओपन	महिला	ओपन	महिला		
1	अनारक्षित (UR)	31	31	4	4	70	निशक्तजनों की कुल 16 रिक्तियों में से LD - 4,MD-4,EH- 4 एवं VH-4 के लिए आरक्षित है। जिस श्रेणी का निशक्तजन इन पदों के लिए चयनित होगा, उसे उसी श्रेणी हेतु मान्य किया जायेगा। यह पद प्रत्येक श्रेणी की बिना वर्ग/ओपन की उपलब्ध रिक्तियों में समाहित है।
2	ई. डब्लू. एस. (EWS)	12	11	2	1	26	
3	अनुसूचित जाति (SC)	18	18	2	2	40	
4	अनुसूचित जनजाति (ST)	23	23	3	3	52	
5	अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)	16	16	2	2	36	
	Total	100	99	13	12	224	

अन्य पिछड़ा वर्ग को शेष 13% प्रतिशत आरक्षण के अनुसार प्रावधिक/काल्पनिक आरक्षण तालिका

स.क्र.	श्रेणी	निल		भूतपूर्व सैनिक		योग	दिव्यांग
		ओपन	महिला	ओपन	महिला		
1	अनारक्षित (UR)	14	14	2	1	31	
5	अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)	14	14	2	1	31	

नोट - माध्यमिक शिक्षक का पद संभाग संवर्ग का है ,अतः संभागवार रिक्तियों के आधार पर आरक्षण प्रदान किया गया है | सभी संभागो की प्रवर्गवार रिक्तियों का योग उक्त तालिका में दर्शाया गया है |

पद कोड 03 - सीधी भर्ती - नवीन पद - अंग्रेज़ी (अतिथि शिक्षक प्रवर्ग) कुल पद 982

स.क्र.	श्रेणी	निल		भूतपूर्व सैनिक		योग	दिव्यांग
		ओपन	महिला	ओपन	महिला		
1	अनारक्षित (UR)	120	120	13	13	266	निशक्तजनों की कुल 58 रिक्तियों में से LD -15,MD-15,EH-14 एवं VH-14 के लिए आरक्षित है। जिस श्रेणी का निशक्तजन इन पदों के लिए चयनित होगा, उसे उसी श्रेणी हेतु मान्य किया जायेगा। यह पद प्रत्येक श्रेणी की बिना वर्ग/ओपन की उपलब्ध रिक्तियों में समाहित है।
2	ई. डब्लू. एस. (EWS)	44	44	5	5	98	
3	अनुसूचित जाति (SC)	71	70	8	8	157	
4	अनुसूचित जनजाति (ST)	88	88	10	10	196	
5	अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)	120	119	13	13	265	
	Total	443	441	49	49	982	

अन्य पिछड़ा वर्ग को 14% प्रतिशत आरक्षण के अनुसार 87% पदों की आरक्षण तालिका

स.क्र.	श्रेणी	निल		भूतपूर्व सैनिक		योग	दिव्यांग
		ओपन	महिला	ओपन	महिला		
1	अनारक्षित (UR)	120	120	13	13	266	निशक्तजनों की कुल 58 रिक्तियों में से LD -15,MD-15,EH-14 एवं VH-14 के लिए आरक्षित है। जिस श्रेणी का निशक्तजन इन पदों के लिए चयनित होगा, उसे उसी श्रेणी हेतु मान्य किया जायेगा। यह पद प्रत्येक श्रेणी की बिना वर्ग/ओपन की उपलब्ध रिक्तियों में समाहित है।
2	ई. डब्लू. एस. (EWS)	44	44	5	5	98	
3	अनुसूचित जाति (SC)	71	70	8	8	157	
4	अनुसूचित जनजाति (ST)	88	88	10	10	196	
5	अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)	62	62	7	7	138	
	Total	385	384	43	43	855	

अन्य पिछड़ा वर्ग को शेष 13% प्रतिशत आरक्षण के अनुसार प्रावधिक/काल्पनिक आरक्षण तालिका

स.क्र.	श्रेणी	निल		भूतपूर्व सैनिक		योग	दिव्यांग
		ओपन	महिला	ओपन	महिला		
1	अनारक्षित (UR)	58	57	6	6	127	
5	अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)	58	57	6	6	127	

पद कोड 04 - सीधी भर्ती - नवीन पद - अंग्रेज़ी (ग़ैर अतिथि शिक्षक प्रवर्ग) कुल पद 988

स.क्र.	श्रेणी	निल		भूतपूर्व सैनिक		योग	दिव्यांग
		ओपन	महिला	ओपन	महिला		
1	अनारक्षित (UR)	120	120	14	13	267	निशक्तजनों की कुल 60 रिक्तियों में से LD -15,MD-15,EH-15 एवं VH-15 के लिए आरक्षित है। जिस श्रेणी का निशक्तजन इन पदों के लिए चयनित होगा, उसे उसी श्रेणी हेतु मान्य किया जायेगा। यह पद प्रत्येक श्रेणी की बिना वर्ग/ओपन की उपलब्ध रिक्तियों में समाहित है।
2	ई. डब्लू. एस. (EWS)	44	44	5	5	98	
3	अनुसूचित जाति (SC)	71	71	8	8	158	
4	अनुसूचित जनजाति (ST)	89	89	10	10	198	
5	अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)	120	120	14	13	267	
	Total	444	444	51	49	988	

अन्य पिछड़ा वर्ग को 14% प्रतिशत आरक्षण के अनुसार 87% पदों की आरक्षण तालिका

स.क्र.	श्रेणी	निल		भूतपूर्व सैनिक		योग	दिव्यांग
		ओपन	महिला	ओपन	महिला		
1	अनारक्षित (UR)	120	120	14	13	267	निशक्तजनों की कुल 60 रिक्तियों में से LD -15,MD-15,EH-15 एवं VH-15 के लिए आरक्षित है। जिस श्रेणी का निशक्तजन इन पदों के लिए चयनित होगा, उसे उसी श्रेणी हेतु मान्य किया जायेगा। यह पद प्रत्येक श्रेणी की बिना वर्ग/ओपन की उपलब्ध रिक्तियों में समाहित है।
2	ई. डब्लू. एस. (EWS)	44	44	5	5	98	
3	अनुसूचित जाति (SC)	71	71	8	8	158	
4	अनुसूचित जनजाति (ST)	89	89	10	10	198	
5	अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)	62	62	7	7	138	
	Total	386	386	44	43	859	

अन्य पिछड़ा वर्ग को शेष 13% प्रतिशत आरक्षण के अनुसार प्रावधिक/काल्पनिक आरक्षण तालिका

स.क्र.	श्रेणी	निल		भूतपूर्व सैनिक		योग	दिव्यांग
		ओपन	महिला	ओपन	महिला		
1	अनारक्षित (UR)	58	58	7	6	129	
5	अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)	58	58	7	6	129	

नोट - माध्यमिक शिक्षक का पद संभाग संवर्ग का है ,अतः संभागवार रिक्तियों के आधार पर आरक्षण प्रदान किया गया है | सभी संभागो की प्रवर्गवार रिक्तियों का योग उक्त तालिका में दर्शाया गया है |

पद कोड 05 - सीधी भर्ती - नवीन पद - संस्कृत (अतिथि शिक्षक प्रवर्ग) कुल पद 197

स.क्र.	श्रेणी	निल		भूतपूर्व सैनिक		योग	दिव्यांग
		ओपन	महिला	ओपन	महिला		
1	अनारक्षित (UR)	26	25	3	2	56	निशक्तजनों की कुल 12 रिक्तियों में से LD -3,MD-3,EH-3 एवं VH-3 के लिए आरक्षित है। जिस श्रेणी का निशक्तजन इन पदों के लिए चयनित होगा, उसे उसी श्रेणी हेतु मान्य किया जायेगा। यह पद प्रत्येक श्रेणी की बिना वर्ग/ओपन की उपलब्ध रिक्तियों में समाहित है।
2	ई. डब्लू. एस. (EWS)	8	8	1	1	18	
3	अनुसूचित जाति (SC)	14	14	1	1	30	
4	अनुसूचित जनजाति (ST)	18	18	2	2	40	
5	अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)	24	24	3	2	53	
	Total	90	89	10	8	197	

अन्य पिछड़ा वर्ग को 14% प्रतिशत आरक्षण के अनुसार 87% पदों की आरक्षण तालिका

स.क्र.	श्रेणी	निल		भूतपूर्व सैनिक		योग	दिव्यांग
		ओपन	महिला	ओपन	महिला		
1	अनारक्षित (UR)	26	25	3	2	56	निशक्तजनों की कुल 12 रिक्तियों में से LD -3,MD-3,EH-3 एवं VH-3 के लिए आरक्षित है। जिस श्रेणी का निशक्तजन इन पदों के लिए चयनित होगा, उसे उसी श्रेणी हेतु मान्य किया जायेगा। यह पद प्रत्येक श्रेणी की बिना वर्ग/ओपन की उपलब्ध रिक्तियों में समाहित है।
2	ई. डब्लू. एस. (EWS)	8	8	1	1	18	
3	अनुसूचित जाति (SC)	14	14	1	1	30	
4	अनुसूचित जनजाति (ST)	18	18	2	2	40	
5	अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)	12	12	1	1	26	
	Total	78	77	8	7	170	

अन्य पिछड़ा वर्ग को शेष 13% प्रतिशत आरक्षण के अनुसार प्रावधिक/काल्पनिक आरक्षण तालिका

स.क्र.	श्रेणी	निल		भूतपूर्व सैनिक		योग	दिव्यांग
		ओपन	महिला	ओपन	महिला		
1	अनारक्षित (UR)	12	12	2	1	27	
5	अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)	12	12	2	1	27	

पद कोड 06 - सीधी भर्ती - नवीन पद - संस्कृत (ग़ैर अतिथि शिक्षक प्रवर्ग) कुल पद 203

स.क्र.	श्रेणी	निल		भूतपूर्व सैनिक		योग	दिव्यांग
		ओपन	महिला	ओपन	महिला		
1	अनारक्षित (UR)	26	26	3	3	58	निशक्तजनों की कुल 12 रिक्तियों में से LD -3,MD-3,EH-3 एवं VH-3 के लिए आरक्षित है। जिस श्रेणी का निशक्तजन इन पदों के लिए चयनित हेागा, उसे उसी श्रेणी हेतु मान्य किया जायेगा। यह पद प्रत्येक श्रेणी की बिना वर्ग/ओपन की उपलब्ध रिक्तियों में समाहित है।
2	ई. डब्लू. एस. (EWS)	9	8	1	1	19	
3	अनुसूचित जाति (SC)	14	14	2	2	32	
4	अनुसूचित जनजाति (ST)	18	18	2	2	40	
5	अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)	24	24	3	3	54	
	Total	91	90	11	11	203	

अन्य पिछड़ा वर्ग को 14% प्रतिशत आरक्षण के अनुसार 87% पदों की आरक्षण तालिका

स.क्र.	श्रेणी	निल		भूतपूर्व सैनिक		योग	दिव्यांग
		ओपन	महिला	ओपन	महिला		
1	अनारक्षित (UR)	26	26	3	3	58	निशक्तजनों की कुल 12 रिक्तियों में से LD -3,MD-3,EH-3 एवं VH-3 के लिए आरक्षित है। जिस श्रेणी का निशक्तजन इन पदों के लिए चयनित हेागा, उसे उसी श्रेणी हेतु मान्य किया जायेगा। यह पद प्रत्येक श्रेणी की बिना वर्ग/ओपन की उपलब्ध रिक्तियों में समाहित है।
2	ई. डब्लू. एस. (EWS)	9	8	1	1	19	
3	अनुसूचित जाति (SC)	14	14	2	2	32	
4	अनुसूचित जनजाति (ST)	18	18	2	2	40	
5	अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)	13	13	2	2	30	
	Total	80	79	10	10	179	

अन्य पिछड़ा वर्ग को शेष 13% प्रतिशत आरक्षण के अनुसार प्रावधिक/काल्पनिक आरक्षण तालिका

स.क्र.	श्रेणी	निल		भूतपूर्व सैनिक		योग	दिव्यांग
		ओपन	महिला	ओपन	महिला		
1	अनारक्षित (UR)	11	11	1	1	24	
5	अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)	11	11	1	1	24	

नोट - माध्यमिक शिक्षक का पद संभाग संवर्ग का है ,अतः संभागवार रिक्तियों के आधार पर आरक्षण प्रदान किया गया है | सभी संभागो की प्रवर्गवार रिक्तियों का योग उक्त तालिका में दर्शाया गया है |

पद कोड 07 - सीधी भर्ती - नवीन पद - गणित (अतिथि शिक्षक प्रवर्ग) कुल पद 731

स.क्र.	श्रेणी	निल		भूतपूर्व सैनिक		योग	दिव्यांग
		ओपन	महिला	ओपन	महिला		
1	अनारक्षित (UR)	90	90	10	10	200	निशक्तजनों की कुल 44 रिक्तियों में से LD -11,MD-11,EH-11 एवं VH-11 के लिए आरक्षित है। जिस श्रेणी का निशक्तजन इन पदों के लिए चयनित होगा, उसे उसी श्रेणी हेतु मान्य किया जायेगा। यह पद प्रत्येक श्रेणी की बिना वर्ग/ओपन की उपलब्ध रिक्तियों में समाहित है।
2	ई. डब्लू. एस. (EWS)	33	32	4	3	72	
3	अनुसूचित जाति (SC)	53	52	6	6	117	
4	अनुसूचित जनजाति (ST)	66	66	7	7	146	
5	अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)	89	88	10	9	196	
	Total	331	328	37	35	731	

अन्य पिछड़ा वर्ग को 14% प्रतिशत आरक्षण के अनुसार 87% पदों की आरक्षण तालिका

स.क्र.	श्रेणी	निल		भूतपूर्व सैनिक		योग	दिव्यांग
		ओपन	महिला	ओपन	महिला		
1	अनारक्षित (UR)	90	90	10	10	200	निशक्तजनों की कुल 44 रिक्तियों में से LD -11,MD-11,EH-11 एवं VH-11 के लिए आरक्षित है। जिस श्रेणी का निशक्तजन इन पदों के लिए चयनित होगा, उसे उसी श्रेणी हेतु मान्य किया जायेगा। यह पद प्रत्येक श्रेणी की बिना वर्ग/ओपन की उपलब्ध रिक्तियों में समाहित है।
2	ई. डब्लू. एस. (EWS)	33	32	4	3	72	
3	अनुसूचित जाति (SC)	53	52	6	6	117	
4	अनुसूचित जनजाति (ST)	66	66	7	7	146	
5	अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)	46	46	5	5	102	
	Total	288	286	32	31	637	

अन्य पिछड़ा वर्ग को शेष 13% प्रतिशत आरक्षण के अनुसार प्रावधिक/काल्पनिक आरक्षण तालिका

स.क्र.	श्रेणी	निल		भूतपूर्व सैनिक		योग	दिव्यांग
		ओपन	महिला	ओपन	महिला		
1	अनारक्षित (UR)	43	42	5	4	94	
5	अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)	43	42	5	4	94	

पद कोड 08 - सीधी भर्ती - नवीन पद - गणित (गैर अतिथि शिक्षक प्रवर्ग) कुल पद 739

स.क्र.	श्रेणी	निल		भूतपूर्व सैनिक		योग	दिव्यांग
		ओपन	महिला	ओपन	महिला		
1	अनारक्षित (UR)	91	90	10	10	201	निशक्तजनों की कुल 44 रिक्तियों में से LD -11,MD-11,EH-11 एवं VH-11 के लिए आरक्षित है। जिस श्रेणी का निशक्तजन इन पदों के लिए चयनित होगा, उसे उसी श्रेणी हेतु मान्य किया जायेगा। यह पद प्रत्येक श्रेणी की बिना वर्ग/ओपन की उपलब्ध रिक्तियों में समाहित है।
2	ई. डब्लू. एस. (EWS)	33	33	4	4	74	
